# नशे में धुत बाइक सवार बदमाशों ने की वाहनों में तोड़फोड़

## आरोपियों ने महेश नगर, श्याम नगर, सोड़ाला और सदर इलाके में करीब एक घंटे तक मचाया जमकर उत्पात

जयपुर,(कासं)। राजधानी के महेश नगर, श्याम नगर, सोड़ाला और सदर इलाके में बुधवार अलसुबह बाइक सवार बदमाशों ने शराब के नशे में एक घंटे तक घरों के बाहर खड़े 14 वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की। महेश नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस दौरान आरोपियों ने एक वाहन चालक का मोबाइल भी लूट लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची महेश नगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन बदमाशों को दबोच लिया। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है।

- **घरों के बाहर खड़े 14 वाहनों में तोड़फोड़ कर एक वाहन चालक से मोबाइल लूटा**
- **महेश नगर थाना पुलिस ने दो आरोपियों सहित एक नाबालिग को पकड़ा।**

जानकारी के अनुसार बुधवार तड़के करीब 4 बजे तीन बाइक पर सवार होकर 7 बदमाश शहर में निकले। हाथों में डंडे लिए जहां भी गए वहां दहशत फैला दी। आरोपियों ने करीब एक घंटे तक महेश नगर, श्याम नगर, सोडाला और सदर इलाके में जमकर उत्पात मचाया और इस दौरान 14 वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की। इस बीच आरोपियों ने श्याम नगर इलाके में सब्जी मंडी के पास एक डेयरी टैंकर चालक से मारपीट कर उसका मोबाइल लूट लिया। वाहनों में तोड़फोड़ की वारदातें घटनास्थलों के आस-पास लगे कैमरों में कैद हो गई। फुटेज में आरोपी कारों के शीशे तोड़ते हुए दिखाई दिए। घटना के वक्त सभी आरोपित शराब के नशे में धुत्त थे।

डीसीपी मृदुल कच्छावा ने घटना को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस की कई टीमों का गठन किया। पुलिस टीमों ने फुटेज के आधार पर आरोपियों को चिन्हित किया। इनमें आरोपी रविंद्र यादव (18) निवासी नंदपुरी सोडाला और शुभम शर्मा (20) निवासी स्वेज फार्म को गिरफ्तार कर लिया। वहीं मामले में एक 17 वर्षीय नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने मस्ती के लिए वारदात करना कबूल किया है। आरोपित रविंद्र 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा है, जबकि शुभम टेली अकाउंट्स का कोर्स कर रहा है। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## 'आमजन के लिए राजस्व नियमों में सरलीकरण किया जाए'

जयपुर, (का.सं.)। राजस्व मंत्री रामलाल जाट की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में बजट एवं जन घोषणाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गईं। बैठक में जाट ने राजस्व विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं एवं जन घोषणाओं की क्रियान्विति की स्थिति एवं प्रगति पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट एवं जन घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा राजस्व विभाग के नियमों का सरलीकरण किया जाए। जाट ने भू उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया व इसके नियमों पर एवं विभाग में रिक्त पदों की स्थिति तथा नवीन राजस्व इकाईयों की वर्ष 2019 से 2021 तक के गठन पर चर्चा की। उन्होंने राजस्व न्यायलयों में लंबित राजस्व वादों को प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किये साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अध्यक्ष राजस्व मण्डल अजमेर, राजेश्वर सिंह, प्रमुख शासन सचिव राजस्व, आनन्द कुमार, राजस्व मण्डल, विशिष्ट शासन सचिव विश्राम मीणा सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# करोड़ों की ज्वैलरी चोरी कर भागे कोरियर कंपनी के दो कर्मचारी गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया

**जयपुर**,(कासं)। राजधानी की सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कंपनी के पार्सल से करोड़ों की ज्वैलरी चोरी की का खुलासा किया है। पुलिस में इस मामले में कोरियर कम्पनी के दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए डायमंड जेवरात बरामद किए है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

डीसीपी वेस्ट ऋचा तोमर ने बताया कि सिंधी कैंप इलाके में 24 अप्रेल को कोरियर कंपनी के पार्सल से साढ़े सात करोड रुपए डायमंड जेवरात चोरी हो गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने मामले में आरोपी विकास गुर्जर निवासी बामनवास जिला सवाई माधोपुर तथा हरिओम गुर्जर निवासी बाटौदा जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। इनके अलावा दो आरोपी राधेश्याम उर्फ राधे ठेकला और ब्रह्म सिंह उर्फ लुका की तलाश की जा रही है।

- **मामले में फरार दो आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है।**
- **पूछताछ में सामने आया कि आरोपी 24 अप्रेल को एयरपोर्ट से पर्सल लेकर अपने कमरे पर ले गए थे।**

डीसीपी तोमर ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने 24 अप्रेल को सुबह एयरपोर्ट के पास राधेश्याम गुर्जर उर्फ राधे ठेकला व ब्रह्म सिंह गुर्जर उर्फ लुक्का, विकास व हरिओम गुर्जर ने जेवरात चोरी करने की योजना बनाई। इसके बाद विकास व हरिओम को एयरपोर्ट से कोरियर के पार्सल लाने भेजा गया।

एयरपोर्ट से पार्सल लेकर विकास व हरिओम कंपनी के ऑफिस जाने के बजाय हाथी बाबू का बाग स्थित कांतिनगर में अपने कमरे पर ले गए। यहां आरोपियों ने पार्सलों को खोलकर उसमें से ज्वैलरी निकाल ली। इसके बाद आरोपी बैग में ज्वैलरी डालकर और अपने सभी मोबाइल हैन्डसैट फारमेट कर कमरे पर ही छोड कर कम्पनी की एक्टिवा लेकर रवाना हो गए। योजना के अनुसार दोनों एक्टिवा को राधेश्याम गुर्जर उर्फ राधे ठेकला व ब्रह्म सिंह गुर्जर उर्फ लुक्का के पास आगरा रोड घाट की गूणी की तरफ लावारिस हालत में रास्ते में छोड़ देते है। आरोपित फरारी के दौरान किसी प्रकार का कोई इन्टरनेट उपयोग नहीं किया।

## बच्चे से कुकर्म करने वाले पड़ौसी को सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने पड़ौस में रहने वाले बच्चे के साथ कुकर्म करने वाले अभियुक्त विशाल उर्फ हाबू को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आजकल नाबालिग बालकों के साथ इस तरह की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरम रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि 26 जनवरी 2021 को साढ़े चार साल का पीड़ित बच्चा घर की छत पर खेल रहा था। इतने में पड़ौस में रहने वाला अभियुक्त युवक आया और फावड़ा लेने के बहाने छत पर चला गया। थोड़ी देर बाद बच्चे के रोने की आवाज सुनकर उसकी नानी छत पर गई। जहां अभियुक्त पीड़ित के साथ कुकर्म कर रहा था। नानी के विरोध करने पर अभियुक्त बच्चे को छोड़कर फरार हो गया। इस पर पीडित की मां ने जोबनेर थाने में अभियुक्त के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

## विवाहिता ने थिनर डालकर खुद को आग लगाई

**जयपुर**। राजधानी के मुहाना इलाके में बुधवार दोपहर को आपसी कहासुनी के चलते एक पत्नी ने अपने ऊपर थिनर उडेल कर आग लगा ली। पुलिस ने बताया हीरा विहार कॉलोनी में रहने वाली डिंपल (25) पत्नी सत्य प्रकाश कुमावत ने दोपहर करीब तीन बजे पति से कहासुनी के बाद नेल पोलिश साफ़ करने वाले थिनर को खुद पर उंडेल लिया और आग लगा ली। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। आग में वह 40 प्रतिशत झुलसी है। डिंपल की शादी सत्यप्रकाश से 8 साल पहले हुई थी। दोनों के दो बच्चे हैं। आरोप है सत्यप्रकाश आए दिन शराब पीकर पत्नी से मारपीट, झगड़ा करता है। सत्यप्रकाश सांगानेर में एक साड़ी की दुकान पर काम करता है।

# राज्य में सुव्यवस्थित भेड़ निष्क्रमण के लिए जिलों में पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें : सीएस

जयपुर, (का.सं.)। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि प्रति वर्ष की तरह ही इस साल भी राज्य में भेड़ निष्क्रमण को निर्बाध तरीके से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन तथा संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग तथा जिला प्रशासन प्रोएक्टिव होकर काम करे, तथा संवेदनशील जगहों पर पहले से ही सचेत होकर पुख्ता व्यवस्थाएं करें।

मुख्य सचिव बुधवार को यहां शासन सचिवालय में वीसी के जरिये भेड़ निष्क्रमण वर्ष 2022-23 की पूर्व तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि कई बार पशुपालकों की भेड़ें उनके रास्ते में पड़ने वाले किसानों के खेतों में घुस जाती हैं, जिससे उनमें और भेड़ पालकों में टकराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। शर्मा ने कहा कि इस स्थिति से बचने के लिए पुलिस विभाग तथा जिला प्रशासन पहले से ही सचेत होकर काम करे साथ ही भेड़चालकों द्वारा निष्क्रमण के लिए निर्धारित मार्ग से ही गुजरना सुनिश्चित करें। मार्ग में फेरबदल की स्थिति में यथोचित कार्रवाई करते हुए सुगम निष्क्रमण को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा निष्क्रमण के एन्ट्री प्वाइंट चिन्हित करते हुए स्थाई एवं अस्थाई चैकपोस्टों की स्थापना तथा कार्मिकों की नियुक्ति का काम भी शीघ्र पूरा किया जाए।

शर्मा ने निर्देश दिये कि जिलों में भेड़ निष्क्रमण के सफल संचालन के लिए संभागीय आयुक्त तथा पुलिस महानिरीक्षक वीसी के जरिये प्रत्येक जिले में कलक्टर तथा जिले के पशुपालन अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ व्यवस्थाएं सुचारू होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभाग के स्तर पर भेड़ों की दवा, ठहराव आदि की व्यवस्था का भी पुख्ता इंतजाम रखा जाए। सात ही भेड़पालकों के पंजीकरण तथा परिचय पत्र जारी करने का कार्य भी विभाग द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 39 नवीन पद मिलेंगे

**जयपुर**। मुख्यमंत्री ने 13 नवसृजित न्यायालयों में 39 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अंतर्गत नए न्यायालयों में सहायक अभियोजन अधिकारी के 13 पद, कनिष्ठ सहायक के 13 पद तथा चतुर्थ श्रेणी के 13 पद सृजित होंगे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 4 अप्रेल को प्रदेश में 13 नए न्यायालय खोलने की अधिसूचना जारी की गई थी। नवीन पदों के सृजन से न्यायालयों में दायित्वों का सूचारू रूप से निर्वहन करने में मदद मिलेगी। इस निर्णय से लगभग 3.67 करोड़ रुपए का वार्षिक व्यय संभावित है।

# क्रिकेट का सट्टा लगाते पांच सटोरिए गिरफ्तार

**जयपुर**, (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने प्रतापनगर इलाके में कार्रवाई करते हुए आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वाले पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 20 मोबाइल, 4 लैपटॉप टीवी और करोड़ों के हिसाब की डायरी बरामद की है।

डीसीपी क्राइम परिस देशमुख ने बताया कि पुलिस ने गोपालदास उर्फ गोल्डी (39) निवासी अग्रवाल फार्म मानसरोवर, देवेन्द्र गौतम उर्फ कालू (32) निवासी मानटाउन जिला सवाईमाधोपुर हाल महारानी फार्म दुर्गापुरा, पवन गोयल (22), रवि सिन्धी (29) निवासी प्रताप नगर और विरेन्द्र सिंह (31) निवासी शांति नगर दुर्गापुरा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मुख्य आरोपित गोपाल दास उर्फ गोल्डी की गौरव टावर स्थित क्रिस्टल मॉल में दुकानें है। वह काफी दिनों से जगह बदल- बदल कर सट्टे का कारोबार कर रहा है। इसके अलावा आरोपी रवि सिन्धी प्रताप नगर के नन्दपुरी बी कॉलोनी में वेदांत हाईट्स के फ्लैट में सट्टे की खाईवाली का काम कर रहा है। सट्टे की खाईवाली में काम में लिए जा रहे मोबाइल एवं वाई फाई मॉडम में विभिन्न नामों से विभिन्न कंपनियों की सिमें जारी करवाना सामने आया है। आरोपियों ने सट्टे की प्रसिद्ध वेबसाईटों का बेईमानी से डाटा प्राप्त कर स्वयं की वेबसाइट पर ऑल लाईन सट्टा संचालित करना कबूला है।

## 1 जनवरी, 2004 के बाद नियुक्त राज्य कर्मचारियों की जीपीएफ कटौती शुरू

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक जनवरी, 2004 एवं उसके पश्चात् नियुक्त राज्य कर्मचारियों के लिए जनरल प्रोविडेंट फंड (जीपीएफ) अभिदान की मासिक कटौती प्रारंभ करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव के अनुसार, 1अप्रेल से जीपीएफ के अभिदान की मासिक कटौती प्रारंभ की जाएगी तथा माह अप्रेल की कटौती भी माह मई के वेतन बिलों से ही की जाएगी।

## डॉ.दीपाली प्रधान को मिला श्री गुरु सेवा सम्मान




**जयपुर। केंद्रीय मंत्री सी.आर.चौधरी ने बुधवार को जयपुर के पिंकसिटी प्रेस क्लब में डॉ. दीपाली प्रधान को श्री गुरु सेवा सम्मान अवार्ड से नवाजा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. गणेश नारायण, अलका चौधरी और चंदनमल वर्मा भी उपस्थित थे। डॉ. दीपाली को यह पुरस्कार उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों, प्रयोगों, सेमिनार, वर्कशॉप व अन्य शिक्षा के क्षेत्र में कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए दिया गया। डॉ. दीपाली प्रधान ने पिछले कई वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है।**

# पशु क्रूरता की शिकायत पर अब होगी सख्त कार्यवाही : राजन विशाल

**जयपुर**। जिला कलक्टर राजन विशाल ने कहा कि पशुओं के प्रति आमजन को दया भाव रखनी चाहिए इन पर किसी भी प्रकार की क्रूरता नहीं करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पशुओं पर हो रही क्रूरता को प्रभावी रूप से रोकने के उद्देश्य से जयपुर जिले में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिसका दूरभाष नम्बर-0141-2373237 रहेगा। पशु क्रूरता के संबंध में जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम पर अगर कोई भी शिकायत आयेगी तो उस पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

- **'पशुओं पर हो रहे क्रूरता को प्रभावी रूप से रोकने केलिये कन्ट्रोल रूम की स्थापना'**

जिला कलक्टर बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 से संबंधित मामलों के शीघ्र निस्तारण करने के लिये नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है जिससे भविष्य में पशु क्रूरता से संबंधित मामलों में कमी आ सकेंगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में एक ट्रैंकुलाइजेशन गन उपलब्ध कराने के लिये पशु पालन विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिसका उपयोग आवारा पशुओं को नियंत्रण करने के लिये किया जायेगा। उन्होंने रात के समय सड़क पर चलने वाले हाथियों पर रिफ्लेक्टर लगाने एवं अनफिट व अन्धे हाथियों को हाथीगांव में ही रखने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने गर्मी के मौसम को मध्यनजर रखते हुये कहा कि जिन पशुओं का उपयोग बोझा ढोने में किया जाता है उसके लिये समय का निर्धारण करने के लिये आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों का बधियाकरण एवं टीकाकरण नियमित रूप से किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम 2001 के तहत जिले में डॉग मॉनिटरिंग कमेटी के गठन के भी निर्देश दिये। उन्होंने पशु पालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पशुओं के प्रति दया-भाव जाग्रत करने के लिये जन जागरूकता अभियान शुरू किया जाये। बैठक में सदस्यों द्वारा तैयार महत्वपूर्ण सुझावों, प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान पशु कल्याण अधिकारी, भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड एवं जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य मनीष सक्सैना ने पशु क्रूरता निवारण समिति की कार्यवाही संबंधित रिपोर्ट जिला कलक्टर को सौपी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) बीरबल सिंह, पशु पालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार, सहित नगर निगम, पुलिस, एवं जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### हैल्थ अकाउंट्स को संस्थागत करने वाला पहला राज्य होगा राजस्थान

**जयपुर**,(कासं)। स्वास्थ्य सेवाओं में देश में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा राजस्थान एक और बड़ा कदम बढ़ाने जा रहा है। राजस्थान, हैल्थ अकाउंट्स को संस्थागत करने का प्रयास करने वाला पहला राज्य होगा। इस विषय पर बुधवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा शासन सचिवालय स्थित सभागार में एक ऑरियेन्ट्स का आयोजन किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन-भारत की तकनीकी अधिकारी (स्वास्थ्य वित्त पोषण) डॉ. ग्रेस अचंगुरा ने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों के समक्ष दिए प्रजेन्टेशन में हैल्थ अकांउट्स के निर्माण के वैश्विक अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि स्टेट हैल्थ अकांउट्स के माध्यम से स्वास्थ्य व्यय की नियमित निगरानी और ट्रेकिंग की जा सकती है। यह साक्ष्य आधारित नीति निर्माण में महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करते हैं। कार्यशाला में उपराष्ट्रीय (प्रदेश) स्तर पर नियमित और व्यवस्थित हैल्थ अकाउंट्स की आवश्यकता को बताते हुए उन्होंने राजस्थान द्वारा देश के पहले राज्य के तौर पर हैल्थ अकांउट्स के संस्थागतकरण के प्रयास की सराहना भी की।

### उत्पात मचाने के मामले में गिरफ्तार

**जयपुर**,(कासं)। राजधानी की नाहरगढ़ रोड थाना पुलिस ने उत्पात मचाने के मामले में 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी नोर्थ परिस देशमुख ने बताया 23 मई को जयगढ़ की पहाड़ी पर शोर-शराबा कर उत्पात मचाने के मामले में 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 24 मई को 50 से 60 लडक़े-लड़कियों को समझाइश कर वहां से रवाना किया गया है। वहीं भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने गुंडा एक्ट अधिनियम के आदेशों की अवहेलना करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित मोहम्मद वसीम कुरैशी उर्फ भईया निवासी भट्टा बस्ती को गिरफ्तार किया है। 22 अप्रैल को मोहम्मद वसीम कुरैशी को जयपुर जिले की सीमाओं के बाहर निष्कासन कर दौसा जिले के कोतवाली थाने में 20 जून तक थाने में उपस्थिति दर्ज करवानी थी। आरोपित तड़ीपार होने के बावजूद भट्टा बस्ती इलाके में दहशत मचा रहा था। इस पर उसे गिरफ्तार किया गया है।

### गहरे नाले में गिरी कार

**जयपुर** राजधानी के खोह नागोरियान इलाके के सेक्टर 3 में बुधवार सुबह 25 फीट गहरे नाले में एक कार गिर गई। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने कार में किसी की मौत होने की आशंका से पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची खोह नागोरियान थाना पुलिस जब नाले में नहीं घुस पाई तो सिविल डिफेंस को मौके पर भेजा गया। महेन्द्र कुमार सेवदा के नेतृत्व में सिविल डिफेंस की टीम ने नाले में पहुंच कर कार देखी तो उस में कोई नहीं था। कार नम्बर के आधार पर कार मालिकों तक पुलिस पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना वाली जगह पर मोड होने कारण कार सवार अन बैलेंस हुआ होगा। इससे कार नाले में गिर गई। हैरानी की बात तो यह है कि कार इतनी ऊंचाई से गिरी तो चालक को कोई नुकसान नहीं हुआ। साथ ही वह खुद नाले से बाहर कैसे निकला होगा। पुलिस इन विषयों को लेकर जांच कर रही है।

### बस में लाखों के जेवरात चोरी

**जयपुर** राजधानी के गांधी नगर इलाके में रामबाग से निगम चौराहे के बीच आगरा के एक ज्वेलर्स के 20 लाख के जेवरात जेब से गायब हो गए। पीड़ित ज्वैलर ने इस सम्बंध में थाने में अनजान व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। 53 वर्षीय ज्वैलर शैलेष अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि वह पिछले कई सालों से जयपुर में ज्वेलरी लेने और देने का कारोबार कर रहा हूं। 20 तारीख को भी वह ज्वैलरी लेकर आगरा से जयपुर ट्रेन से आया। रामबाग चौराहे से निगम कार्यालय तक आने के लिए वह बस में बैठ गया। 5 मिनट के सफर में उसकी जेब से किसी ने ज्वैलरी का पैकेट निकाल लिया। पैकेट में 270 ग्राम सोने के जेवरात, हीरे का हार,कंगन, अंगूठियां और अन्य सलेक्टेड जेवर थे। पैकेट नहीं मिलने पर पीड़ित ने गांधी नगर थाने में कराया मामला दर्ज।

### गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर**, (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने झोटवाड़ा इलाके में दो तस्करों को गिरफ्तार कर 4 किलो गांजा सहित परिवहन में प्रयुक्त कार जब्त की है। डीसीपी क्राइम परिस देशमुख ने बताया कि गांजा तस्कर पिंकू सांसी (26) निवासी मदाउ मुहाना हाल करणी विहार और गोविन्द सैनी (19) निवासी गजसिंहपुरा मानसरोवर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित पिंकू सांसी के पूर्व में एनडीपीएस व एक्साइज एक्ट के करीब एक दर्जन आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

## कम्पाउण्डर एवं नर्स जूनियर ग्रेड पदस्थापन आदेश जारी

**जयपुर**। आयुर्वेद विभाग में कम्पाउण्डर एवं नर्स जूनियर ग्रेड के 536 पदों पर चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति प्रदान कर पदस्थापन आदेश जारी कर दिये गये हैं। इनमें 485 अभ्यर्थी नॉन टीएसपी संवर्ग के तथा 51 अभ्यर्थी टीएसपी वर्ग के हैं। आयुर्वेद विभाग की शासन सचिव श्रीवास्तव ने बताया कि कम्पाउण्डर एवं नर्स जूनियर ग्रेड के 704 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। 536 अभ्यर्थियों को पदस्थापन दे दिया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को 15 दिवस में कार्य ग्रहण करना होगा।

# पोस मशीन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो लोग गिरफ्तार

जयपुर,(कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की साइबर क्राइम यूनिट (नॉर्थ) और कोतवाली थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पोस मशीन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से फर्जी सिमें व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल बरामद किए है।

डीसीपी नोर्थ परिस देशमुख ने बताया कि पुलिस ने उत्तम सिंह निवासी नदबई हाल मुहाना और ई मित्र संचालक नरेश कुमार शर्मा निवासी मथुरा गेट जिला भरतपुर हाल शिप्रापथ को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरोह के सदस्य प्रशान्त सिंह व अमित चौधरी की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरोह शहर में दुकानदारों के पास जाकर कार्ड स्वैप (पीओएस) मशीन उपलब्ध करवाने का झांसा देकर दुकानदार के मोबाइल में जूपोश एप डाउनलोड कर देते थे। साथ ही पैन कार्ड व आधार कार्ड की जानकारी लेकर प्रशान्त सिंह को उपलब्ध करवा देते थे। उत्तम सिंह व अमित चौधरी ने जूपोश की फर्जी आईडी बना रखी थी। इसे दिखाकर लोगों को झांसे में ले लेते थे। इस दौरान दुकानदार के मोबाइल पर आए ओटीपी नम्बर भी प्राप्त कर अपने साथी प्रशांत सिंह को भिजवा देते। प्रशान्त आधार कार्ड, पैन कार्ड व ओटीपी नम्बर से फर्जी सिमों का उपयोग कर एसबीएम बैंक का क्रेडिट कार्ड ऑनलाइन जारी करवा लेता। कार्ड जारी करने के समय स्वयं के पास मौजूद फर्जी सिम नम्बर दर्ज कर देता था। फर्जी सिम को क्रेडिट कार्ड में उपयोग कर केस लिमिट के रुपये मोबिक्विक में ट्रांसफर कर के पेयू माध्यम से आगे ई मित्र संचालक नरेश शर्मा के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर देता। बाद में उसको कमीशन देकर नकद रूपए प्राप्त कर लेता था।

- **पुलिस ने आरोपियों से फर्जी सिमें व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल बरामद किए।**

**नकबजन और चोरी का माल खरीदने वाले चार लोग गिरफ्तार**:-राजधानी की कोतवाली थाना पुलिस ने नकबजन और चोरी का माल खरीदने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे चोरी के 6 कैमरे, एक लाख 8 हजार पांच सौ रूपए व आईफोन, मेमोरी कार्ड बरामद किए हैं। डीसीपी नोर्थ परिस देशमुख ने बताया कि शातिर नकबजन राघव पारीक, चोरी का माल ठिकाने लगाने वाले प्रवीण खंडेलवाल और नमन तिवाडी निवासी श्रीमाधोपुर सहित चोरी का माल खरीदने वाले नीरज शर्मा निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित राघव पारीक को वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी का शौक है। आरोपी राघव पारीक ने घटना से पूर्व दुकान पर आकर रैकी करता है और वारदात को अंजाम देते है। चोरी का माल ठिकाने लगाने के लिये नमन तिवाडी व प्रवीण खंडेलवाल को अपने गिरोह में शामिल किया। तीनों कनॉट पैलेस दिल्ली जाकर नीरज शर्मा को चोरी का माल सस्ती रेट पर बेच कर देते है।

## तीन लोगों पर जान लेवा हमला

**जयपुर**। राजधानी के कालवाड़ थाने में कार सवार तीन लोगों लोगों को स्कोर्पियो से टक्कर मारने और हॉकी, सरिया सहित अन्य हथियारों से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि घायल तीनों लोग मीडिया कर्मी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रामनिवास मंडोलिया, कमल देगड़ा और विवेक सिंह जादौन बुधवार को कवरेज के लिए काबड़ी डूंगरी स्थित प्रभा कॉलेज गए थे। वहां से लौटते समय दोपहर करीब डेढ़ से दो के बीच मंडा भोपावास रोड पर कृष्णा हॉस्पीटल के सामने स्कोर्पियो में 10 से 15 लोग सवार होकर आए। उन्होंने अपनी गाड़ी से कार को टक्कर मार दी। बाद में आरोपियों ने तीन लोगों को कार से निकालकर हॉकी, सरिया, डंडे व पाइप से जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ितों ने बताया कि आरोपियों में उनकी कनपटी पर पिस्तौल भी लगाई लेकिन वह नहीं चली। उन्होंने बताया कि हमलावर कालवाड गांव के सरपंच डब्बू बन्ना का भाई सूर्य प्रताप, बूबी बन्ना, लोकेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग थे। वहीं दूसरी ओर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सैकड़ों लोगों ने कालवाड़ थाने के बाहर बैठकर धरना दिया।

# गुलाबीनगर में 5100 महिलाएं सामूहिक घूमर कर बनाएगी वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स

**जयपुर**। सद्भावना परिवार की ओर से "आपणो घूमर 2022" में गुलाबीनगर के मानसरोवर में 28 मई को 5100 महिलाएं सामूहिक घूमर कर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स बनाएगी।

कार्यक्रम में मशहूर फिल्म अभिनेत्री नुशरत बरूचा महिलाओं का उत्साहवर्धन करेगी। साथ में जूनियर अक्षय कुमार विकल्प मेहता कार्यक्रम को होस्ट करेंगे। नुसरत बरूचा के साथ आने वाली फिल्म जनहित में जारी फिल्म के सह कलाकार भी घूमर में भाग लेंगे।

सद्भावना परिवार के अध्यक्ष मनोज पांडे ने बताया राजस्थान की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये नारी सशक्तिकरण को समर्पित कार्यक्रम "आपणो घूमर 2022" में जयपुर शहर की महिलाओं के साथ साथ उदयपुर, जोधपुर, अजमेर, दौसा, उत्तराखंड, आगरा, पुणे, गुजरात की महिलाएं भी भाग ले रही हैं। जूरी के रूप में बुक ऑफ रिकॉर्ड्स डॉ.रणदीप कोली एवं डॉ.तिथि भल्ला मौजूद रहेंगी।

- **"आपणो घूमर 2022" में गुलाबीनगर के मानसरोवर में 28 मई को 5100 महिलाएं सामूहिक घूमर कर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स बनाएगी**

सद्भावना परिवार के साथ विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन-1, जय युवा संघ, सुबोध कॉलेज संस्थान जेकेजे ज्वेलर्स मोरल मोरल ग्रुप ऑफ़ कंपनीज सह आयोजक है।

पांडे ने बताया कि लकी ड्रा में प्रथम विजेता को ई स्कूटी, एवं सर्वाधिक प्रतिभागी जोड़ने वाले कोऑर्डिनेटर को 32 इंच की एलईडी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा भी आयोजन मंडल द्वारा प्रतिभागी महिलाओं को अनेक पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

प्रत्येक प्रतिभागी को हजारों रुपये के गिफ्ट वाउचर के साथ-साथ कार्यक्रम भाग लेने का सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। गौरतलब है कि सद्भावना परिवार इससे पूर्व भी सांस्कृतिक कार्यक्रम घूमर एवं लहरिया में 2 वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुका है।

## दो सिपाहियों के खिलाफ शिकायत दर्ज

**जयपुर**। राजधानी के खोहनागोरियान थाने के दो सिपाहियों के खिलाफ एडिशनल कमिश्नर के कहने पर एक शिकायत दर्ज हुई है। शिकायत में पीड़ित ने कहा कि उसके दोस्त की दुकान पर 14 तारीख को कुछ लोगों ने हमला कर दिया। जो कि रिकवरी का काम करते हैं। उसके बाद पीड़ित शाहरुख खोह नागोरियान थाने पहुंचा। शिकायत दी।

उसी दौरान थाने के बाहर खड़े कांस्टेबल हारूराम और मगूराम ने शाहरुख से कहा कि तुम आतंकवादी होते हैं। गाली गलौच कर बतदमीजी व धक्का मुक्की करने लगे। उन्होंने कहा कि तुम लोग ऐसे ही हो और तुम्हारे साथ ऐसा ही होना चाहिए। हम तुम्हारी एफआईआर दर्ज नहीं होने देंगे।

इस पर पीड़ित ने एडिशनल कमिश्नर हैदरअली जैदी को जानकारी दी। जिस पर डीसीपी ईस्ट ने दोनों कांस्टेबलों के खिलाफ नामजद परिवाद दर्ज कर ली है। इसकी जांच एसीपी को दी गई है।

पुलिस ने बताया कि मामले की गम्भीरता को देखते हुए परिवाद दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। पुलिसकर्मी किसी के साथ भी गलत शब्दों और जातिगत शब्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकता।